राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

**राज्यपाल की फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र के निधन पर शोक संवेदना**

जयपुर, 24 नवम्बर । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने भारतीय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।राज्यपाल श्री बागडे ने कहा की भारतीय फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र का निधन फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है।राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनो, प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।